वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी): (क) से (ग) अर्थव्यवस्था में कुल मांग और कुल पूर्ति के बीच बेहतर संतुलन बनाये रखने की दृष्टि से, रिजर्व बैंक ने मई, 1973 से वाणिज्यिक बैंक-ऋण के विस्तार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मौद्रिक उपायों की एक श्रृंखला लागू की है जिसमे कि सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र तथा निर्यात के आवश्यक उत्पादन की केवल तात्कालिक न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इन उपायों में, और बातों के साथ-साथ, ऋण-मांग को प्रतिबन्धित करने की दृष्टि से, ऋण पर ब्याज दर में वृद्धि करना भी शामिल है। इसके मानने का कोई कारण नही है कि किसी भी प्रकार से इन उपायों द्वारा बैंक कारोबार पर या अर्थव्यवस्था में उत्पादन और वितरण की उचित आवश्यकताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## पश्चिम जर्मनी को निर्यात और वहां से आयात

7667 डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 1974–75 में, दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौतो के अन्तर्गत, पश्चिम जर्मनी द्वारा भारत से माल आयात किया गया वह भारत में पश्चिम जर्मनी से किए गये आयात की तुलना में कम है;

(ख) क्या इससे दोनों देशों के बीच व्यापार सन्तुलन बिगड़ गया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) व्यापार सन्तुलन बनाये रखने के लिए क्या कार्यवाही की गई है?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह): (क) जी हां। तथापि जर्मनी के संघीय गणराज्य के साथ व्यापार करार इस प्रकार का नहीं है जिसमें कि दोनों देशों के बीच किसी संतुलित आधार पर वस्तु विनियम निर्यात/आयात की व्यवस्था हो।

(ख) और (ग): भारत से जर्मनी के संघीय गणराज्य को हुए निर्यातों की अपेक्षा जर्मनी के संघीय गणराज्य से *अधिक आयात होने की वजह से* भारत के लिए व्यापार संतुलन प्रतिकूल रहा है। लोह-इस्पात मदों, उर्वरकों, रासायनिक तत्व तथा योगिक के भारतीय आयात सभी मे 1974-75 के दौरान तेजी से वृद्धि हुई।

(घ) व्यापार संतुलन बनाए रखने के लिए की गई कार्यवाही में ये शामिल हैं मेलो प्रदर्शनियों में भाग लेकर भारत से होने वाले निर्यातों का तेजी से विस्तार विविधीकरण बिक्री दलों का प्रायोजन करना, वाणिज्यिक विकास कार्यक्रम का क्रियान्वयन, बहु विभागीय भडारो के संवर्धन आदि के आयोजन के लिए प्रस्ताव।

## सोवियत संघ से रुई का आयात

7668. श्री हुकम चन्द कछवाय क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या वर्ष 1974-75 मे सोवियत संघ से रुई का आयात किया गया और यदि हां, तो उसकी कीमत क्या थी ;

(ख) उसमें से कितनी मात्रा मे रुई को देश में खरीदारों/उपभोक्ताओ को नहीं बेचा गया तथा उसकी कीमत कितनी थी ; और